D. El. Ed 2nd Sem

6 May 2020
Wednesday

Present Indian Society and Elementary Education

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986

स्वतन्त्र भारत में शिक्षा के समग्र रूप पर विचार 'कोठारी आयोग' (1964-66) ने किया। जिसके आधार पर जुलाई सन् 1968 में सर्वप्रथम भारत की 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' की घोषणा की गयी, किन्तु शिक्षा नीति के प्रस्तावों को पूर्णरूपेण लागू नहीं किया जा सका।

जनवरी सन् 1985 में पूर्व प्रधानमन्त्री 'श्री राजीव गाँधी' ने सत्ता सम्भालते ही नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति निर्धारित करने एवं लागू करने की घोषणा की। जिससे वर्तमान शिक्षा व्यवस्था का विश्लेषण कर समीक्षा की गयी। इस समीक्षा एवं विश्लेषण के आधार पर "Challenges of Education— A Policy Perspective" डाक्यूमेण्ट प्रकाशित किया गया।

इस डाक्यूमेण्ट के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रस्तावित प्रारूप को अन्तिम प्रारूप प्रदान करने के लिए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मण्डल (CABE) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। और मई, सन् 1986 ई० में संसद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रारूप को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) के रूप में स्वीकृति प्रदान कर दी। और स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली से अभिप्राय: ऐसी शिक्षा व्यवस्था से है, जिसके अन्तर्गत जाति, धर्म, लिंग एवं निवास के भेदीकरण के बिना एक निश्चित स्तर तक सभी को तुलनात्मक गुणात्मकता के साथ शिक्षा प्रदान की जा सके।

संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1992

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986' देश के "शैक्षिक विकास" में मील का पत्थर है। 1990 में आचार्य राममूर्ति की अध्यक्षता में एक समिति ने इसकी समीक्षा की। इसकी सिफारिशों पर शिक्षा के केन्द्रीय बोर्ड (सलाहकार) ने विचार किया। आन्ध्रप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमन्त्री 'श्री एन. जनार्दन रेड्डी' की अध्यक्षता में 22 जनवरी, 1992 को नीति समिति ने अपनी रिपोर्ट का सुझाव दिया। जिसके परिणामस्वरूप '7 मई 1992' को शिक्षा के केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं संशोधित नीतियाँ कुछ सुझाव के साथ रखी गयी। 19 अगस्त 1992 को संशोधित कार्यनीति 1992 संसद के समक्ष रखी गयी। सभी के लिये प्राथमिक शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये पाँच प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की गयी ताकि समुदाय की

Scanned with CamScanner

आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा को बनाया जा सके।
तथा आर्थिक ध्रुवीकरण और उदारीकरण की
नयी चुनौतियों का सामना किया जा सके

B.R.C. Deoband
A.M.I.S. Bro - Sapna
Tyagi

Scanned with CamScanner